Environment promotion activity(Ban on Plastic 2023-24)

केले पत्ते में खाना खाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

गुरेदा मे केला पता में खाना खाते हुए रासेयो के स्वयसेवक। ● आयोजक

बालोद (नईदुनिया न्यूज)। जिले के अर्जुन्दा नगर में स्थित शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर ग्राम पंचायत गुरेदा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इसके चतुर्थ दिवस के दिन स्वयंसेवको ने ग्राम के विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई व साइबर क्राइम पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। साथ ही चबूतरा निर्माण चौक-चौराहों की की पुताई की गई। उसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा भोजन के समय नवाचार का प्रयोग करते हुए केले पत्ते पर भोजन खाकर प्लास्टिक मुक्त और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में मुख्य वक्ता के रूप सीमा सोनी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद, वरिष्ठ स्वयंसेविका कल्पना बम्बोड़े, मनीषा राणा, देवेन्द्र वरिष्ठ स्वयंसेवक चन्द्रा कुमार देवांगन, दुर्गेश कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रदीप कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

रासेयो का शिविर

केला पत्ता में भोजन कर दिया प्लास्टिक मुक्त का संदेश

अर्जुंदा @ पत्रिका . शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के राष्ट्रीय सेवा इकाई ने नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर ग्राम पंचायत गुरेदा में विशेष शिविर का आयोजन किया। चतुर्थ दिवस पर स्वयंसेवकों ने ग्राम के विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई एवं साइबर क्राइम पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया। चबूतरा निर्माण चौक-चौराहों की पुताई की गई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने भोजन के समय नवाचार का प्रयोग करते हुए स्वयंसेवकों ने केले के पत्ते में भोजन किया। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

बौद्धिक परिचर्चा हुई

बौद्धिक परिचर्चा सत्र में मुख्य वक्ता के रूप सीमा सोनी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद थीं। वरिष्ठ स्वयंसेविका कल्पना बम्बोड़े, मनीषा राणा, देवेंद्र, चंद्रा कुमार देवांगन, दुर्गेश, कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

शहीद दुर्वासा निषाद शास. महा., अर्जुन्दा ★ जिला- बालोद (छ.ग.) ★

प्र. प्राचार्य
शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा
जिला - बालोद (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner